# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 06 सितंबर 2025










Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान में सड़क सुरक्षा और गुणवत्ता को लेकर चल रहा कौनसा अभियान" देश का सबसे बड़ा युवा नेतृत्वित अभियान बन गया है?

(A) सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान

**(B) सुरक्षित सड़क मार्ग अभियान**

(C) सुरक्षित यात्रा अभियान

(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान में सड़क सुरक्षा और गुणवत्ता को लेकर चल रहा "सुरक्षित सड़क मार्ग (सुसमा) अभियान" देश का सबसे बड़ा युवा नेतृत्वित अभियान बन गया है। 11 अगस्त से शुरू हुआ यह अभियान 15 सितंबर तक चलेगा।
- इसमें 19 जिलों के करीब 2.5 लाख विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है, जो अब सड़क सुरक्षा एंबेसडर बनकर सड़कें जांचेंगे, यातायात नियमों की निगरानी करेंगे और समाज में जागरूकता फैलाएंगे।
- इंडिया एवं एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने घोषणा की कि लोक निर्माण विभाग, जयपुर को सबसे बड़ा युवा नेतृत्वित सड़क सुरक्षा अभियान एवं सुरक्षित सड़क कॉरिडोर विकास के लिए रिकॉर्ड दर्ज किया गया है।

## Yesterday Revision

⭕. राजस्थान कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक 2025 राजस्थान विधानसभा में ध्वनिमत से कब पारित हो गया है?:- 03 सितम्बर से

⭕. हाल ही में राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलगुरू पद पर किसे नियुक्त किया है:- डॉ. सुमंत व्यास

⭕. हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा मोटर व्हीकल एग्रीगेटर पॉलिसी लागू की जाएगी?:- राजस्थान

⭕. हाल में 12 से 14 सितंबर 2025 तक राजस्थान डॉमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 2025 का आयोजन कहां होगा?:- जयपुर

⭕. हाल ही में फेल विद्यार्थियों के लिए दोबारा परीक्षा देने हेतु ऑन-डिमांड परीक्षा सिस्टम शुरू करने वाला देश का पहला राज्य कौनसा होगा?:- राजस्थान

01. राजस्थान में 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में कितने शिक्षकों को सम्मानित किया गया है?

(A) 75

(B) 33

(C) 44

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया है।
- जयपुर के बिड़ला सभागार में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 75 शिक्षकों को शॉल, प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।
- इनमें 66 शिक्षक तीन श्रेणियों से और 9 शिक्षक विशेष योगदान हेतु चुने गए।

**02. हाल ही में राजस्थान में कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 'प्रखर राजस्थान 2.0' अभियान कब शुरू हुआ है?**

(a) 05 सितम्बर 2025

(b) 01 सितम्बर 2025

(c) 02 सितम्बर 2025

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में 05 सितम्बर को कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 'प्रखर राजस्थान 2.0' अभियान का शुभारंभ किया गया
- ' प्रखर राजस्थान अभियान के तहत विद्यार्थियों में पढ़ने की क्षमता को विकसित किया जाएगा. शिक्षा विभाग की ओर से स्कूली बच्चों में भाषाई शिक्षा सुधार के लिए 5 सितंबर से 5 जनवरी तक चलाया जाएगा
- इस अभियान का मकसद कक्षा 3 से 8 तक के कमजोर विद्यार्थियों में भाषा संबंधी समझ और पढ़ने की क्षमता को बेहतर बनाना है.
- अभियान की शुरुआत में एआई आधारित 'ओआरएफ' (ओरल रीडिंग फ्लुएंसी) प्रणाली से बच्चों का टेस्ट लिया गया.

03. हाल ही में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने किसे वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के कुलगुरू पद पर नियुक्त किया है?

(A) डॉ. सुमंत व्यास

(B) प्रो.बी.एल. वर्मा

(C) रमेश कुमार मीणा

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान के राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने आदेश जारी कर प्रो.बी.एल. वर्मा को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के कुलगुरू पद पर नियुक्त किया है।
- राज्यपाल ने राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है।
- कुलगुरू पद पर यह नियुक्ति प्रो.बी.एल. वर्मा के कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।
- डॉ. सुमंत व्यास राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति बने हैं

04. हाल ही में राजस्थान विधानसभा में कारखाना (राजस्थान संशोधन) विधेयक, 2025 ध्वनिमत से कब पारित हुआ?

(A) 3 सितंबर को

(B) 2 सितंबर को

(C) 4 सितंबर को

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान विधानसभा में 4 सितंबर को कारखाना (राजस्थान संशोधन) विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित हुआ।
- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा ने सदन में कहा कि कारखाना अधिनियम, 1948 में किए गए संशोधन से श्रमिक लाभान्वित होंगे।
- कारखानों में सप्ताह में अधिकतम काम करने की अवधि को बढ़ाया गया है, अब मजदूर बिना अंतराल के 6 घंटे तक कारखाने में काम कर सकेंगे। साथ ही श्रमिक प्रतिदिन कारखानों में 10:30 घंटे तक उपस्थित रह सकेंगे। श्रमिक 75 घंटे के स्थान पर 144 घंटे प्रति तिमाही ओवरटाइम कर सकेंगे।
- अब महिलाएं स्वयं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रात्रि में भी कार्य कर सकेंगी. इसके लिए उनकी लिखित सहमति आवश्यक की गई है.

05. राजस्थान ग्रामीण आजीविका परियोजना (राजीविका) एवं किसके मध्य हुए MoU हुआ है?

(A) फ्लिपकार्ट

(B) जियो डिजिटल

(C) लेंसकार्ट फाउंडेशन

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान ग्रामीण आजीविका परियोजना (राजीविका) एवं लेंसकार्ट फाउंडेशन के मध्य हुए MoU हुआ
- MOU के तहत राज्य का की चयनित महिलाओं को नेत्र जांच के लिए प्रशिक्षित किया गया।
- यह प्रशिक्षित महिलाएं दृष्टि दीदी कहलाएगी।
- यह दृष्टि दीदी गांव-गांव जाकर महिलाओं की आंखों की जांच करेगी और जरूरतमंदों को उचित उपचार का मार्गदर्शन देगी।
- इसके लिए "दृष्टि दीदी: हर गांव हर घर अभियान "शुरू किया गया।
- अभियान से लगभग 45,000 ग्रामीणों की नि:शुल्क जाँच की जाएगी तथा शिविरों के माध्यम से नि:शुल्क चश्मे भी वितरित किए जाएंगे.

06. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर राजस्थान से किसे राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया है?



(A) अजीता चौधरी

(B) सुनीता शर्मा

(C) नीलम यादव

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 45 शिक्षकों को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025' से किया सम्मानित
- खैरथल-तिजारा जिले के सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, टपूकड़ा की प्राचार्या नीलम यादव को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शासन और नेतृत्व कार्यों के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया
- नीलम यादव को नामांकन वृद्धि, गुणवत्तापूर्ण परिणाम, सहशैक्षिक गतिविधियों में राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों, CSR के सहयोग से डिजिटल लैब,कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास,सहित तकनीक का प्रयोग के लिए सम्मान मिला है

07. राजस्थान में किस जिले की प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. सुमन बिस्सा को राजस्थानी पद्य पुरस्कार मिलेगा?

(A) जोधपुर

(B) उदयपुर

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- जोधपुर की प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. सुमन बिस्सा को राजस्थानी पद्य पुरस्कार
- पुरस्कार – उनकी पुस्तक 'अंतस रा सुर सांतरा' के लिए
- ये पुरस्कार उन्हें अगले माह बीकानेर में होने वाले समारोह में प्रदान किया जाएगा
- रोटरी क्लब बीकानेर की ओर से इस सम्बन्ध में राज्य स्तरीय राजस्थानी भाषा साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की गई।

**08. हाल ही में पीएम सूर्यघर योजना को लेकर राजस्थान में हरित भारत अभियान कब शुरू हुआ है?**

(A) 1 सितम्बर

(B) 2 सितम्बर

(C) 4 सितम्बर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान में हरित भारत अभियान की शुरुआत 2 सितम्बर 2025 को राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने की।
इस अभियान के तहत पीएम सूर्यघर योजना को राज्य में घर-घर पहुंचाया जाएगा

⭕ इस हेतु आगामी प्रदर्शनी निम्नलिखित क्षेत्रों में आयोजित होगी :-
👇 👇
⭕ जोधपुर :- 16-18 नवंबर 2025
⭕ जयपुर :- 21-23 जनवरी 2026
⭕ नोट :- राजस्थान सौर ऊर्जा उत्पादन में देश में शीर्ष राज्य है।

09. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेटर ने 20 से ज़्यादा वर्षों के करियर के बाद सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया।?

(A) एम एस धोनी

(B) रोहित शर्मा

(C) अमित मिश्रा

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- 42 वर्षीय भारतीय गेंदबाज अमित मिश्रा ने 20 से ज़्यादा वर्षों के करियर के बाद सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया।
- 22 टेस्ट, 36 ODI और 10 T20I मैच खेले; भारत के लिए 156 विकेट लिए।
- 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण, मोहाली में पाँच विकेट लिए।
- IPL करियर: 162 मैचों में 174 विकेट, शीर्ष विकेट लेने वालों में शामिल।
- दिल्ली, डेक्कन और हैदराबाद में 3 आईपीएल हैट्रिक लेने वाले एकमात्र गेंदबाज

**10. हाल ही में 27वां सरस आजीविका मेला कहां शुरू हुआ है जो 22 सितंबर तक चलेगा?**

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) नई दिल्ली

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- 27वां सरस आजीविका मेला 5 सितम्बर से नई दिल्ली में शुरू और 22 सितंबर तक चलेगा।
- राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वयं सहायता समूहों की 400 से ज़्यादा महिलाएँ अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी।

विषय: लखपति दीदियों का निर्माण – ग्रामीण महिला उद्यमियों का सशक्तिकरण।

- लखपति दीदियों द्वारा पूर्णत: संचालित पहला मेला, हस्तशिल्प और खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देगा।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलगुरू पद पर किसे नियुक्त किया है**

(a) डॉ. सुमंत व्यास

(b) विशाखा शर्मा

(c) अजीत सोनी

(d) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ **जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)**

🎯 **2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)**

⬛ **अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook**

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine